गूगल वॉइस टाइपिंग

अपनी आवाज के साथ टाइप करें

आप एक आसान तरीका से दस्तावेज़ में अपनी आवाज के साथ टाइप कर सकते हैं। **फिलहाल, यह सुविधा क्रोम ब्राउज़र में ही उपलब्ध है।**

1. सबसे पहले यह सुनिश्चित करें की आपके कंप्यूटर से एक माइक्रोफोन जुड़ा हुआ है और वह काम करता है तथा एक जी-मेल का यूजर आईडी-पासवर्ड होना जरूरी है ।
2. Chrome ब्राउज़र में http://google.com खोलें ।
3. गूगल एप्प्स पर क्लिक करके More में से गूगल डॉक्स एप्प पर क्लिक करके जी-मेल आईडी से लोगिन करें ।
4. गूगल डॉक्स में एक नया दस्तावेज़ खोलें ।
5. उपकरण (Tools) मेनू > **वॉइस टाइपिंग (Voice Typing)** पर क्लिक करें। पॉप-अप माइक्रोफोन बॉक्स से **भाषा (हिंदी)** का चयन करे ।
6. आप पाठ में बोलने के लिए तैयार हैं, तो माइक्रोफोन बॉक्स पर क्लिक करें ।
7. सामान्य गति और वोल्यूम से स्पष्ट रूप से अपना पाठ बोलें ।
8. रोकने के लिए माइक्रोफोन पर पुन: क्लिक करें

वॉइस टाइपिंग की गलतियों में सुधार

आवाज के साथ टाइप करते हुए अगर गलती हो जाए तो गलती पर कर्सर ले जाकर और माइक्रोफोन से पुन: बोल कर ठीक कर सकते हैं। गलती सुधारने के बाद, आप आवाज टाइपिंग जारी रखना चाहते हैं, वहां कर्सर वापस ले जाए।

मोबाइल फोन पर गूगल वाइस टाइपिंग के लिए

1. **Play Store में जाकर Google Indic Keyboard डाउनलोड करके इंस्टाल करें ।**
2. **Setting >> Language and Input** में जाकर **Keyboard & Input Method** में से **Google Indic Keyboard** को टिक करें तथा **Default** में भी **Google Indic Keyboard** को चुनें, **इसके अतिरिक्त गूगल वाइस टाइपिंग विकल्प को भी टिक करें ।**
3. जिस भी एप्लीकेशन में टाइप करना हो, टाइप करने के लिए क्लिक करने पर की-बोर्ड उपलब्ध होगा । की-बोर्ड के ऊपरी दाएं हिंस्से पर उपलब्ध माइक्रोफोन बटन क्लिक करें ।
4. Setting Option में जाकर हिंदी भाषा का चयन करें ।
5. अब आपका फोन वाइस टाइपिंग के लिए तैयार है । उपरोक्त प्रक्रिया केवल एक बार ही करने की आवश्यकता होगी ।
6. जब भी टाइप करना हो की-बार्ड पर उपलब्ध माइक्रोफोन के बटन पर क्लिक करें और सामान्य गति और वोल्यूम से स्पष्ट रूप से अपना पाठ बोलें , इससे आप SMS, WhatsApp, E-mail, Google Docs आदि पर वाइस टाइपिंग कर सकेंगे ।

Android Phone में Google Docs पर कार्य करना

Play Store से Google Docs डाउनलोड करके इंस्टाल करें । मोबाइल फोन में Google Docs पर कार्य तथा कंप्यूटर में एक की गूगल account होने पर Google Docs में फाइलें एक समान ही रहेंगी । फाइलों पर कार्य आप मोबाइल तथा कंप्यूटर पर आसानी से कर सकेंगे ।